राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 16 फरवरी। प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के पश्चात् राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। दिनांक 17 व 18 फरवरी, 2022 को नागौर के लेगा गार्डन, बासनी रोड पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा जिसमें प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा शामिल होकर प्रशिक्षणार्थियों को समसामायिक विषयों पर सम्बोधित करेंगे। नागौर जिला कांग्रेस कमेटी के परिसर में हॉल व कमरों का शिलान्यास दिनांक 17 फरवरी को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा किया जायेगा।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिले में निवासरत सदस्यगण, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी/निवर्तमान पदाधिकारीगण, जिले के समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान अध्यक्षगण, जिला कांग्रेस कमेटी के निर्वाचित व सहवृत सदस्यगण, जिले के समस्त अग्रिम संगठनों, विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान अध्यक्षगण, निकायों के जनप्रतिनिधिगण, पंचायत राज के जनप्रतिनिधिगण सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता भाग लेंगे। प्रशिक्षण शिविर में राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय राजनैतिक मुद्दों के साथ ही विषय-विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर उद्बोधन दिया जायेगा।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 16 फरवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री परसराम मदेरणा की पुण्यतिथि के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, कोषाध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल, मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल, श्री रामसिंह कस्वां, प्रवक्ता श्री आर. सी. चौधरी, स्वर्णिम चतुर्वेदी, सचिव श्री जसवंत गुर्जर, डॉ. खानू खॉं बुधवाली, श्रीमती मंजू शर्मा, श्री यशपाल गहलोत, पूर्व विधायक श्री नवरंग सिंह, श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल, श्री गोपाल केसावत, श्री सुशील शर्मा, श्री शंकरलाल मीणा, श्री राजेन्द्र शर्मा, श्री गोपाल नावरिया, श्री मांगीलाल लेखरा, श्री भंवर सारण, श्री राजेन्द्र आर्य, श्री नरेश चौधरी, श्री किशनलाल मेघवाल, श्री अतुल शर्मा, श्री जयकिशन, श्री हवासिंह बुगालिया, श्री शरीफ खान, श्री धनसिंह नरूका, श्री दीपक धीर, श्री रामकरण कुमावत, श्री राजू खान, श्री पुरूषोत्तम कौशिक, श्री मनोज सिंह, श्री तेजसिंह, श्री विकास ओम सांगानेरी सहित अनेक कांग्रेसजनों ने स्व. श्री परसराम मदेरणा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी पुष्पांजलि दी।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 16 फरवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रदेश में चल रहे कांग्रेस डिजिटल सदस्यता अभियान के सम्भागवार नियुक्त कोर्डिनेटर्स एवं को-कोर्डिनेटर्स की बैठक लेकर सदस्यता अभियान की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में कांग्रेस डिजिटल सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक एवं कोषाध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल भी उपस्थित रहे। बैठक में कांग्रेस डिजिटल सदस्यता अभियान के जयपुर सम्भाग के कोर्डिनेटर कैप्टन अरविन्द कुमार, बीकानेर के श्री रघुवीर सिंह, भरतपुर के श्री महेश अग्रवाल, अजमेर के श्री नरेश चौधरी, कोटा की श्रीमती सायंतनी रॉय, जोधपुर के श्री सचिन सर्वटे तथा उदयपुर के श्री कमल शर्मा शामिल हुए।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter